तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, सोमवार 20 अक्टूबर 2025

18 कोड़िया स्कूल के विद्यार्थी जिला स्तरीय लोक नृत्य प्रतियोगिता...



17 निगम का कारनामा : नियम कायदों को ताक





## खबर संक्षेप

### मटिया में माता लक्ष्मी की मूर्ति स्थापित किया

**बालोद/कलंगपुर।** दीपावली पर्व के अवसर पर ग्राम मटिया (अर्जुन्दा) में श्री महालक्ष्मी समिति एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से माता लक्ष्मी की मूर्ति स्थापना शनिवार धनतेरस के दिन किया गया। जिसके उपलक्ष्य में 23 अक्टूबर दिन गुरुवार को ग्राम कुकटीपारा, सहसपुर लोहारा, जिला कबीरधाम वालों का छत्तीसगढ़ी नाच का कार्यक्रम रखा गया है। समिति द्वारा आयोजन का यह बीसवां वर्ष है।



### महिला से गाली गलौज व मारपीट, मामला दर्ज

**बालोद।** सब्जी दुकान लगाने की बात को लेकर दो लोगों ने एक महिला के साथ गाली गलौज व मारपीट कर दी। जिसके बाद पीड़ित महिला ने दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वार्ड नं0 12 गुण्डरदेही निवासी पार्वती सोनकर ने पुलिस को बताया कि 19 अक्टूबर को करीब 09.30 बजे मैं अपनी सब्जी के दुकान सब्जी मण्डी गुण्डरदेही में जा रही थी कि राजेश सोनकर के सब्जी दुकान के पास पहुंची थी उसी समय भगवंतीन तथा वर्षा सोनकर मिले और सब्जी दुकानदारी की बात को लेकर बहस करने लगे जिसे मेरे द्वारा मना करने पर मुझे उन दोनो के द्वारा गाली गलौज करते हुये हाथ मुक्का से मारपीट किये हैं। मारपीट करने से मेरे पीछे बांये पीठ भाग में दर्द हो रही है।

### जिले में 24 से नेत्र सुरक्षा अभियान

**बालोद।** डॉ एल उईके सीएमएचओ जिला बालोद के निर्देशनुसार सत्र नोडल अनिल कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन मे 13 अक्टूबर को जिला बालोद कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। विकास खण्ड गुण्डरदेही मे 24 अक्टूबर से संपूर्ण नेत्र सुरक्षा अभियान चलाया जाएगा। जिसमें समस्त ग्रामों में नेत्र सहायक अधिकारी मोतियाबिंद, ग्लाकोमा, डायबेटिंक, रेटिनोपैथी, रिफरेक्टीव इरर कॉरनियल, ओपेसिटी की जांच करेंगे। इसमें विभाग के समस्त आरएचओ, मितानीन, सुपरवाईजर कार्य में सहयोग करेंगे। मोतियाबिंद के मरीजो का जिला अस्पताल बालोद में ऑपरेशन कराया जाएगा। बैठक कार्यशाला में सभी नेत्र अधिकारी उपस्थित रहे। यह अभियान 24 अक्टूबर से 1 नवंबर तक चलाया जाएगा। कार्य बीएमओ डॉ मरकंडे के मार्गदर्शन मे सुचारू रूप से संपन्न किया जाएगा।

### रात्रिकालीन ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता 26 से

**गुरूर।** गन्ना इलेवन क्रिकेट क्लब गुरूर द्वारा रात्रिकालीन प्लास्टिक बाल ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन रानी दुर्गावती स्टेडियम गुरूर में किया गया है। जिसमे प्रथम पुरस्कार 6 हजार रूपये, द्वितीय पुरस्कार 3 हजार रूपये, तृतीय पुरस्कार 2 हजार रूपये रखा गया है तथा सभी विजेता टीम को ट्राफी भी प्रदान की जाएगी। इस दौरान 26 अक्टूबर को उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि अध्यक्ष नगर पंचायत गुरूर प्रदीप साहू होंगे। विशिष्ट अतिथि गौतम मरकाम, धनेश यादव, चन्द्रहास कुम्भकार, नरेन्द्र साहू, हरीश साहू, पार्शद वार्ड क्रमांक 10 अनराम यादव, दुष्यंत निर्मलकर, पार्शद वार्ड क्रमांक 11 गिरधर ठाकुर उपस्थित रहेंगे। जिसमे समिति के संरक्षक धनेश यादव, नंदलाल यादव, मेलुश साहू, घन"याम साहू, अध्यक्ष आदित्य ओझा, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश यादव, कोशाध्यक्ष प्रेम ओझा, सचिव हेमु भाई, सह सचिव विजय यादव तथा समिति के सदस्यो का सहयोग रहेगा।

# पॉक्सो व महिला अपराधों की प्रभावी जांच के लिए पुलिस-न्यायालय कार्यशाला आयोजित

## एनडीपीएस कार्यवाही में सावधानी और पारदर्शिता पर दिया का जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला एवं सत्र न्यायाधीश बालोद के द्वारा एनडीपीएस की कार्यवाही की बारीकियों के संबंध में मार्गदर्शन दिया गया। जिले में एनडीपीएस एक्ट, पॉक्सो एक्ट एवं महिला संबंधी अपराधों की प्रभावी निगरानी एवं त्वरित न्याय सुनिश्चित करने हेतु आज बालोद पुलिस एवं जिला न्यायालय के बीच एक कार्यशाला आयोजित की गई। बैठक में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, बालोद सहित पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत पुलिस अधीक्षक ालोद योगेश कुमार पटेल द्वारा पुष्पगुच्छ देकर बालोद पुलिस द्वारा अभिनंदन कर किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित जिला एवं सत्र न्यायाधीश बालोद श्यामलाल नवरत्न के द्वारा कार्यशाला में उपस्थित विवेचकों को एनडीपीएस की कार्यवाही में आने वाली समस्याओं एवं अधिनियम की आज्ञापक प्रावधान के पालन करने के संबंध में विशेष ध्यान देने बताया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा लंबित प्रकरणों के शीघ्र निपटारे, विवेचना की गुणवत्ता में सुधार, एवं पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाने की दिशा में ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए गए। एनडीपीएस एक्ट एवं पॉक्सो एक्ट जैसे गंभीर अपराधों के मामलों में विवेचना की पारदर्शिता, साक्ष्य संकलन की सटीकता तथा अदालत में प्रभावी पैरवी पर विशेष जोर दिया गया।



### अपराध नियंत्रण

बैठक के अंत में बालोद पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अपराध नियंत्रण एवं न्याय सुनिश्चित करने की दिशा में पुलिस और न्यायालय का समन्वय अत्यंत महत्वपूर्ण है। बालोद पुलिस प्रतिबद्ध है कि हर पीड़ित को शीघ्र एवं निष्पक्ष न्याय मिले। इस समीक्षा बैठक में बालोद न्यायालय के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एसएल नवरत्न, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संजय सोनी, डीपीओ, एडीपीओ, एसडीओपी देवांश सिंह राठौर, सीएसपी राजहरा डॉ चित्र वर्मा, डीएसपी, माया शर्मा एवं समस्त थाना प्रभारी व अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।


## बालोद पुलिस ने 15 लाख से अधिक कीमत के मोबाइल उनके मालिकों को लौटाए

# साइबर सेल की बड़ी सफलता, बरामद 460 मोबाइल धारकों को किए सुपुर्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

धनतेरस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक बालोद के निर्देशन पर पुलिस के द्वारा गुम मोबाईल धारको को लौटाकर धनतेरस का तोहफा दिया। गुम हुए मोबाइल पाकर प्रसन्न हुए मोबाइल धारक बालोद पुलिस को धन्यवाद ज्ञापित किए। समस्त थाना चौकी व साइबर सेल द्वारा 460 गुम मोबाइल का वितरण किया गया।

साइबर जागरूकता अभियान में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत 460 नग गुम मोबाईल हैण्डसेट सभी थाना व सायबर सेल टीम द्वारा दीगर राज्य एवं दिगर जिलों से बरामद किया गया। बालोद पुलिस के द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय बालोद में कुल 100 नग मोबाईल किमती 15,75,000 रूपये (पन्द्रह लाख पछत्तर हजार) लगभग को धनतेरस के शुभ अवसर पर उनके वास्तविक मालिक को सुपुर्द किया गया। बालोद पुलिस द्वारा अब तक कुल 460 नग गुम मोबाईल बरामद कर उसके वास्तविक स्वामी को सुपुर्द किया गया है। बालोद पुलिस के हाथो खोये मोबाईल पाकर प्रसन्न हुए लोग पुलिस विभाग का धन्यवाद ज्ञापित किया। सामुदायिक पुलिसिंग के तहत जिला बालोद में गुम मोबाईल के संबंध में पुलिस कार्यालय सायबर सेल थाना चौकी से आवेदन प्राप्त हुआ था।





जिसमें कार्यवाही करते हुए सायबर सेल टीम बालोद द्वारा गुम मोबाईल हैण्डसेट कम्पनी मोटो, सैमसंग, विवो, ओप्पो, रियलमी, इनफिनिक्स एन्ड्रायड मोबाईल फोन को ट्रेस कर दीगर राज्य झारखण बिहार एवं अन्य जिलों रायपुर कांकेर, दुर्ग, राजनांदगांव, कबीरधाम, धमतरी, खैरागढ़ छुईखदान गड़ई से उसे रिकवर किया गया।

जिसमें 100 नग मोबाईल हैण्डसेट को 18 अक्टूबर को पुलिस कार्यालय सिवनी बालोद में 100 आवेदकों को उनका गुम मोबाईल सेट प्रदाय किया गया। उक्त मोबाइल वितरण कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर, एसडीओपी बालोद देवांश सिंह राठौर, रक्षित निरीक्षक रेवती वर्मा, साइबर सेल प्रभारी धरम भुआर्य एवं साइबर सेल स्टॉफ उपस्थित रहे।

# डीईओ ने प्रधानपाठक राजेंद्र को किया निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- नशे की हालत में पाए जाने पर की कार्रवाई

जिला शिक्षा अधिकारी ने शासकीय प्राथमिक शाला डेंगरापार वर्तमान कार्यरत शाला शासकीय प्राथमिक शाला रे नवागांव के प्रधान पाठक राजेन्द्र कुमार सुनहरे को नशे की हालत में पाए जाने के कारण निलंबित कर दिया गया है।

जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि शासकीय प्राथमिक शाला डेंगरापार वर्तमान कार्यरत शाला शासकीय प्राथमिक शाला रे. नवागांव के प्रधान पाठक राजेन्द्र कुमार सुनहरे 16 अक्टूबर 2025 को विद्यालयीन समय दोपहर 03 बजे विद्यालयीन कार्य को छोड़कर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय बालोद परिसर में शराब के नशे में जमीन पर गिरे हुये पाये गए थे। उक्त घटना का पंचनामा कराया गया। प्राप्त प्रतिवेदन में उक्त शिकायत प्रथम –ष्टया सही पाई गई है। उन्होंने बताया कि प्रधान पाठक राजेन्द्र कुमार सुनहरे का उक्त —त्य छ.ग. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 03 के उपनियम (1) (2) (3) के विपरीत गंभीर कदाचरण की श्रेणी में आता है। छ.ग. सिविल सेवा (वगऍकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम–09 (1) (क) के तहत प्रधान पाठक राजेन्द्र कुमार सुनहरे को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि में प्रधान पाठक राजेन्द्र कुमार सुनहरे का मुख्यालय कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, बालोद नियत किया जाता है। निलंबन काल में उक्त लोक सेवक को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

### बम्हनी मातर उत्सव की धूम 27 को

**बालोद/निकुम।** ग्राम बम्हनी में मातर उत्सव पारंपरिक ढंग से 27 अक्टूबर सोमवार को मातर उत्सव में जय बजरंग दल अखाड़ा स्थानीय युवकों द्वारा रोमांचक अखाड़ा महावीर चौक बम्हनी में होगी। वही गौठान में खीर प्रसादी बाटी जायेगी। गौर हो कि पूरे अंचल में बहमनी मातर उत्सव की अलग ही पहचान है। वही रात्रि 9 बजे में छत्तीसगढ़ी जय अम्बे नाच पार्टी नीचे कोहड़ा नाचा अंबागढ़ चौकी की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी ग्राम प्रमुख रामसाय देवांगन ने दी।

# दो पक्षों में भिड़ंत, छः मजदूर घायल, नकदी व मोबाइल चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- क्षेत्र में किसानों के बीच विवाद ने लिया हिंसक रूप, बीएनएस की कई धाराओं में अपराध दर्ज

किसानों की खेत को लीज पर लेकर तरबूज की खेती करने वाले किसान के मजदूरो को कुछ लोगों ने मारपीट कर दिया तथा बैग मे रखे करीब 2 लाख रूपये व मोबाईल चोरी कर ले गया। जिसके बाद किसान ने मारपीट गाली गलौज व चोरी करने वाले लोगो के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमें पुलिस ने 115(2), 190, 191(2), 191(3), 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

पखांजुर के पीबी के 13 नंबर श्याम नगर थाना पखांजुर जिला कांकेर निवासी सोमेन्द्र मण्डल ने पुलिस को बताया कि ग्राम जमरूवा (चिखली) थाना डौण्डी जिला बालोद में 6 किसानों के जमीन को तरबूज लगाने के लिए एक फसल के लिए गांव की अनुमती से लीज में लिया हूं। पास के गांव चिखली में पखांजुर के पीबी के 13 नंबर श्याम नगर थाना पखांजुर जिला कांकेर के सनिश मंडल, विश्वजीत दास के द्वारा भी किसानों के जमीन को तरबूज लगाने के लिए लीज मे लिया है। ग्राम जमरूवा में खेती करने के लिये मेरा भाई संजय मण्डल के साथ मजदूर शंभू मण्डल, परमेश धुरवा, लक्कू आंचला, मोहन कुमार उसेंडी, मनमद विश्वास को छोड़कर मैं वापस अपने घर पखांजूर चला गया था। सनिश और विश्वजीत दास जहां तरबूज की खेती के लिए जमीन लीज में लिया है। वहां पर पानी की कमी है जिस संबंध में मुझे 18 अक्टूबर को सुबह करीबन 10.51 बजे सनिश और विश्वजीत के द्वारा रात्रि 08.36 बजे दोनो फोन से क्रमशः बात किये की जमरूवा गांव के बांध से सिंचाई के लिए पानी की व्यवस्था करा दो तो मैं बोला आप लोग गांव वालों एवं सिंचाई विभाग से खुद बात कर लो मैं पानी देने वाला कौन ह, इतना कहते ही दोनो ने मुझे पानी नहीं देगा तो जान से मारने के लिए धमकी देने लगे तब मैं अपने घर पखांजुर पीबी 13 नंबर श्याम नगर मे था। रात्रि करीबन 09.49 बजे ग्राम जमरूवा के रितेश रावटे का मुझे फोन कर बताया कि आपके लॉरी से बहुत लड़ाई झगड़ा का आवाज सुनाई दे रहा है तो मैं अपने भाई संजय मण्डल को फोन लगाया तो वह फोन नहीं उठाया। तब मैं अपने ड्रायवर शंभु मण्डल को फोन लगाया तो उसने फोन उठा तब फोन मे गाली गलौच और पकड़ो पकड़ो, मारो की आवाज आ रहा था बात नहीं हो पाया। तब मैं गांव जमरूवा के रितेश रावटे, तोरण काका को फोन करके बोला कि मेरी लॉरी मे जाकर देखो, जाकर देखने के बाद बताया कि सनिश मण्डल, विश्वजीत दास, राज कुमार हलधर, अजीत, नेपाल विश्वास व उनके अन्य साथियों के द्वारा लाठी डण्डा से मारपीट किये है मारपीट से परमेश धुरवा, लक्कु आंचला, मोहन कुमार उसेंडी, मनमद विश्वास, शंभू मण्डल और संजय मण्डल को चोट आया है।

जिन्हे गांव वालों द्वारा डौण्डी के शासकीय अस्पताल मे ईलाज के लिए ले जा रहे है तब मैं पखांजूर से सीधा शासकीय अस्पताल डौण्डी 19 अक्टूबर के रात्रि करीबन 12.30 बजे पहुंच कर भाई संजय मण्डल एवं गांव वालों से घटना के संबंध में पूछताछ किया तो बताये कि 18 अक्टूबर को रात्रि करीबन 10 बजे खाना खाकर सोने की तैयारी कर रहे थे उसी समय सनिश मण्डल, विश्वजीत दास, राजकुमार हलधर, अजित, नेपाल विश्वास एवं उनके अन्य साथियों के साथ लाठी डण्डा लेकर हमारे लॉरी मे आये कौन कौन हो लॉरी मे बाहर निकलो बोलेने पर हम सभी लोग लॉरी से निकले तब उनके द्वारा ▶▶| शेष पेज 17 पर

# पति ने पत्नी से की मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- मांगे गए पैसे जुआ में गंवाने पर पत्नी से मारपीट

पत्नी से दो हजार रूपये मांगकर पति जुआ मे पैसे हार गया, जिसके बाद पत्नी द्वारा इसका विरोध किया गया तो पति ने पत्नी की पिटाई कर दी। जिसके बाद पत्नी ने पति के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ग्राम सुखरी थाना रनचिरई जिला बालोद निवासी पूजा टंडन पति हेमंत टंडन 34 वर्ष ने पुलिस को बताया कि 17 अक्टूबर को मेरे पति हेमंत टंडन चिकन चिल्ली दुकान लगाने ग्राम अंडा गया था, मै बच्चों के साथ घर पर थी, रात्रि में खाना खाकर बच्चों के साथ सो गई थी, मेरे पति हेमंत टंडन रात्रि करीबन 12 बजे घर वापस आया और मुझे दो हजार रूपये मंगा, मैं अपने पति को आलमारी के चाबी को दी हूं, मेरे पति दो हजार रूपये निकालकर घर से निकलकर कहीं जा रहा था, तब मै बोली कि कहां जा रहे हो, तब मेरा पति बोला कि मै आ रहा हूं कहकर चला गया और करीबन दो तीन घंटा बाद वापस घर आया, तब मै बोली कि पैसा कहां है, तब मेरे पति हेमंत टंडन बोला कि मै पैसा को जुआ में हार गया हूं, इसी बात पर मै अपने पति से बोली कि जो पैसा तुम जुआ में हारे हो वह पैसा हमारे दीपावली में काम आता, जिसे तुम जुआ में हार कर आ गये हो, इसी बात को लेकर मेरे पति हेमंत टंडन पिता दुर्गाप्रसाद टंडन द्वारा मुझे गाली देकर हाथ मुक्का एवं लात से मारपीट किया, मारपीट करने से मेरे नाक में, कान में तथा कमर में दर्द हो रहा है।

# हेलमेट पहनकर महिला के गले से चेन लूटी और हो गया फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



- दुकान में खरीदारी के बहाने आए युवक ने महिला की चेन छीनकर मोटरसाइकिल से भागा

दुकान में सामान खरीदने के बहाने आए युवक ने सामान देती महिला के गले से सोने का चेन झपटमारी कर भाग गया। जिसके बाद महिला द्वारा अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट लिखाया गया है। जिसमें पुलिस ने धारा 304 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। ग्राम परसतराई निवासी इंदिरा साहू ने पुलिस को बताया कि ग्राम परसतराई में घर से लगा हुआ किराना दुकान चलाती हूं।

18 अक्टूबर को दोपहर करीबन 12 बजे मैं अपने दुकान के अंदर बैठी थी, उसी समय एक अज्ञात व्यक्ति हेलमेट लगाकर मेरे दुकान में आया और मुझसे ईनो खरीदा, तो मैं उस व्यक्ति को ईनो देने के बाद घर अंदर चली गई, कुछ देर बाद वही आदमी दुकान में आकर टेबल को हाथ से ठोक रहा था, तब मैं आई, तो वही अज्ञात व्यक्ति मिच्चर दो कहकर बोला तो मैं मिच्चर तोड़कर चार पैकेट दी, फिर वह एक पैकेट और मांगने लगा और छत्तीसगढी में बोला अउ एक पैकेट मिच्चर दे दाई तो मैं एक पैकेट मिच्चर को तोड़ रही थी, कि उसी समय मेरे गले में पहने सोने के चौन को खीचकर झपटमारी कर अपने मोटर सायकल से भाग गया, मैं अपने नाती कृष्णा साहू को चिल्लाकर आवाज दी तो मेरा नाती घर के अंदर से आया तब तक अज्ञात व्यक्ति वहां से अपने मो.सा. में भाग गया था। अज्ञात व्यक्ति काले रंग का हेलमेट पहना था, नीला, सफेद, काला पट्टीदार हॉफ टी–शर्ट, भुरे रंग का पेंट, जुता पहना हुआ व उसके पास एक काले रंग का मोटर सायकल में आया था । मेरे सोने के चौन जिसका वजन करीबन ढाई तोला कीमती करीबन 1,80,000 रूपये होगा, को अज्ञात व्यक्ति द्वारा झपटमारी कर भाग गया है।

## बच्चों को बिजली के उपकरणों से दूर रखें, अवैध हुकिंग पर सख्त कार्रवाई की जाएगी

# त्योहार में बिजली लोड बढ़ने से हादसों का खतरा विद्युत विभाग ने दी सावधानी बरतने की सलाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

### खास बातें

- सुरक्षित दीपावली मनाएं, बिजली की करें बचत जे.ई. ठाकुर
- विद्युत उपकरणों के मानक उपयोग से दुर्घटनाओं से बचें



दीपों के पर्व दीपावली के अवसर पर विद्युत झालर, लाइटिंग और अन्य सजावटी उपकरणों के अत्यधिक उपयोग से बिजली की खपत में अप्रत्याशित वृद्धि हो जाती है। इस स्थिति में विद्युत ट्रांसफार्मर, लाइनों एवं उपकरणों पर अति भार पड़ने से क्षतिग्रस्त होने और विद्युतीय दुर्घटनाओं की संभावना भी बढ़ जाती है।

विद्युत वितरण कंपनी दल्लीराजहरा के जूनियर इंजीनियर ठाकुर ने क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा कि त्योहार की खुशियों के बीच सुरक्षा और बिजली की बचत का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि कई लोग कटे-छिले या अमानक वायर तथा कम गुणवत्ता वाले झालर बल्ब का उपयोग करते हैं, जिससे शॉर्ट सर्किट और करंट दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है।

ठाकुर ने यह भी कहा कि कुछ असामाजिक तत्व पटाखे जलाकर ट्रांसफार्मर या बिजली के उपकरणों की ओर फेंकते हैं, जिससे गंभीर हादसे हो सकते हैं। वहीं, अवैध हुकिंग कर बिजली उपयोग करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि चेकिंग के दौरान ऐसा पाए जाने पर एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

उन्होंने नागरिकों से अनुरोध किया कि बच्चे बिजली के तारों या उपकरणों से छेड़छाड़ न करें, और किसी भी विद्युत दुर्घटना की स्थिति में तुरंत नजदीकी फ्यूज ऑफ कॉल सेंटर को सूचना दें।

जे.ई. ठाकुर ने कहा दीपावली खुशियों का त्योहार है, इसे सुरक्षित और जिम्मेदारी से मनाएं। मानक श्रेणी के उपकरणों का उपयोग करें, आवश्यकता अनुसार ही बिजली जलाएं, इससे न केवल आपका बिजली बिल कम होगा बल्कि आप प्रदेश और देश की सेवा में भी योगदान देंगे। स्वहित एवं राष्ट्रहित में बिजली बचाएं, जीवन बचाएं।










संकलनकर्ता- ओम प्रकाश टुवानी, ब्यूरोचीफ, बालोद मो. 8085026287, 9425559113


समस्त देशवासियों को
दीपों का पर्व दीपावली, गोवर्धन पूजा, भाई दूज की
हार्दिक शुभकामनाएं...
एक रेट
दुकान का स्थापना दिवस सन् 1982
एक दाम
श्री खम्हानलाल ताम्रध्वज सिन्हा बरपारा वाले की दुकान
श्री सीमा श्रृंगार सदन
गिफ्ट कलेक्शन, जनरल स्टोर्स एवं बुक डिपो
हमारे यहां सगाई, शादी, श्रृंगार सामान, दूल्हा-दुल्हन, पगड़ी, मौर, माला, बेल्ट, पर्स, कांच गिलास, मग्गा, लेडिस पर्स, ब्रा, पेन्टी, चूड़ी, कंगन, बर्थ-डे सामान, खिलौना, गिफ्ट सामान, स्टेशनरी, बुक डिपो, केरम बोर्ड, बॉली बॉल, टेनिस बाल, फुटबॉल, केरम गोटी, लुडो, बेडमिनटन, बैड, शील्ड, कुकर, मिक्सी, थरमस, पानी बाटल, सेनेरी, टेडीवियर, ट्राटी बैग एवं सम्पूर्ण मनिहारी सामान उचित दाम पर उपलब्ध है।
खम्हन लाल सिन्हा
कुमारी बाई सिन्हा
ताम्रध्वज सिन्हा
कुंती सिन्हा
ऐश्वर्या सिन्हा
भारती सिन्हा
देवेश सिन्हा
गुरूर (छ.ग.) मो.: 8234099988, 9977997242


समस्त प्रदेशवासियों को
श्री रुद्र उसना उद्योग
गुरूर, जिला-बालोद की ओर से
दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भाई दूज की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
रामा अग्रवाल
मो.: 94241 14635


AAP
AAM AADMI PARTY
क्षेत्र के जम्मों दाई, ददा, भाई बहिनी
अऊ संगवारी मन ला
दीपावली, गोवर्धन पूजा, मातर
अऊ जेठअऊनी
तिहार के गाड़ा-गाड़ा
बधाई!
जसवंत सिन्हा
आम आदमी पार्टी (छाया विधायक गुण्डरदेही)
युवा सामाजिक कार्यकर्ता
विनीत : आम आदमी पार्टी, विधानसभा क्षेत्र-गुण्डरदेही

हरिभूमि एवं ओम गोलछा परिवार, डौण्डी की ओर से
दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाएं...





खबरों एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें : ओम गोलछा 9827804111, अनिल सुथार 9755034021, गोरेलाल सोनी 9753115003

एकता व्यापारी संघ डौंडी

प्रकृति का मान बढ़ाए, आइऐ....
एक पेड़ माँ के नाम लगाए ।

दीपोत्सव व दीपावली, गोवर्धन पूजा, भाईदूज
की हार्दिक शुभकामनाएं...

वृक्षारोपण, संवर्धन एवं पर्यावरण संरक्षण,
पूर्वजों ने पेड़ लगाए उसका फल हमें मिला,
आज हम जो पेड़ लगाएंगे उसका फल हमारे आने वाली पीढ़ियां को मिलेगा,
पेड लगाऐ आने वाली पीढ़ी के सुंदर भविष्य के लिए।



ओम गोलछा
अध्यक्ष



कमलेश जैन
सचिव

समस्त नगरवासियों का हार्दिक स्वागत करता है।

शुभ दीपावली

नीको माइनिंग कंपनी प्रा.लि, गिधाली
की ओर से क्षेत्रवासियों, कर्मचारियों, प्रशासन एवं सहयोगी संस्थानों को
दीपोत्सव, गोवर्धन पूजा, भाईदूज की हार्दिक शुभकामनाएं...
दीपों का यह पर्व आपके जीवन में सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य और उजाला लेकर आएं...
हम सब मिलकर प्रगति, पर्यावरण और सामाजिक विकास के मार्ग पर आगे बढ़े...

नीको माइनिंग कंपनी प्रा.लि., गिधाली (जिला बालोद)
संपन्नता के साथ संवेदनशील विकास की दिशा में...

NECO
MINING

With Best Compliments From
NECO MINING COMPANY PVT. LTD.

## खबर संक्षेप



### विधायक ने सीएम को दी दीपावली की बधाई

**दुर्ग।** ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर दीपावली पावन पर्व की शुभकामनाएं दी। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से उनके निवास पर मुलाकात की। इस अवसर पर, विधायक चंद्राकर ने मुख्यमंत्री का स्वागत और अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने भी यह पर्व प्रदेश के विकास और समृद्धि के लिए महत्वपूर्ण है।

### ताम्रध्वज ने प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं

**दुर्ग।** पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने प्रदेशवासियों को धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भाई दूज की शुभकामनाएं दी है। इन सभी त्योहारों श्री साहू ने प्रदेशवासियों के सुखी व खुशहाल जीवन और उज्जवल भविष्य की कामना की है। श्री साहू ने कहा कि धनतेरस एवं दीपावली हमारी संस्कृति के जीवन मूल्यों का संवाहक है। यह पावन पर्व भारतीय समाज, देश सहित पूरे प्रदेश में सम्पन्नता एवं समृद्धि लाए। उन्होंने कहा कि गोवर्धन पूजा हमारे लोक जीवन से जुड़ा पर्व है। इस दिन गायों की पूजा कर खिचड़ी खिलाई जाती है और गोधन के रूप में पूजा कर उनके प्रति श्रद्धा और आभार प्रकट किया जाता है।



### पुरस्कार वितरण में शामिल हुए विधायक

**दुर्ग।** ग्राम रसमड़ा में आयोजित सांसद खेल महोत्सव 2025 के कार्यक्रम समापन एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर सम्मिलित हुए। मां सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यारोपण व दीप प्रज्वलित कर विधिवत कार्यक्रम शुभारंभ किया। विभिन्न खेलों में भाग लेने वाले खिलाड़ियों से मुलाकात कर परिचय प्राप्त किया और विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरुस्कृत किया।

# निगम का कारनामा : नियम कायदों को ताक पर रखकर जीई रोड किनारे लगवा दी पटाखा दुकानें, फायर सेफ्टी की हो रही अनदेखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शहर में पहली बार सारे नियम-कायदों को ताक पर रखकर भीड़ वाली जगह पर विशेष रूप से 5 पटाखा विक्रेताओं को अस्थाई रूप से पुरानी गंजमंडी की ठीक सामने दुकान लगाने की अनुमति दी गई है। अनुमति नगर निगम दुर्ग ने जारी की है। इसे लेकर पूरे शहर में खासी चर्चा है।

इन अस्थाई दुकानों को लगाने के लिए अफसरों पर राजनीतिक दबाव डाला गया। इसके आधार पर शहर के सबसे मुख्य ट्रैफिक वाली सड़क जीई रोड पर इन दुकानों को लगाने की अनुमति जारी की गई है। हरिभूमि ने जब इस बारे में निगम के अधिकारियों से बात की, तो उन्होंने इस बारे में कुछ भी जानकारी देने से इंकार कर दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि दुकानों का आवंटन गलत तरीके से हुआ है, लेकिन अपना पक्ष रखने से सीधे इंकार कर दिया। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दबाव के कारण यह अस्थाई अनुमति जारी की गई है। बता दें कि जिस जगह पर यह अनुमति जारी की है कि वह भीड़-भाड़ वाली जगह है। शहर से राजनांदगांव और बालोद को जोड़ने वाली प्रमुख सड़क है। 24 घंटे इस मार्ग से वाहनों की आवाजाही रहती है। बावजूद इसके अनुमति दी गई है। इतना ही नहीं अग्निसुरक्षा से जुड़ी सारी गाइडलाइन को दरकिनार कर दिया गया है।

बिजली मंडी से ली गई है, जबकि ऐसी दुकानों में जनरेटर का उपयोग किया जाना है। बांस-बल्ली और कपड़े का उपयोग नहीं किया जाना है, लेकिन इनका उपयोग किया जा रहा है। कहीं किसी प्रकार की कार्रवाई न ही स्थानीय निकाय द्वारा की जा रही, न ही पुलिस महकमें ने गंभीरता दिखाई है। इस वजह से इस मार्ग पर ट्रैफिक जाम की समस्या भी सामने आ रही है।



### फायर सेफ्टी विभाग ने जारी की गाइडलाइन, नहीं हो रहा पालन, जांचने तक कोई नहीं पहुंच रहा

बता दें कि पटाखों की बिक्री और दुकानों के संचालन को लेकर फायर सेफ्टी विभाग ने भी गाइडलाइन जारी की है, लेकिन इसका पालन नहीं हो रहा है। जिला अग्निशमन अधिकारी नागेन्द्र कुमार सिंह के अनुसार पटाखा दुकानें किसी भी ज्वलनशील पदार्थ जैसे कपड़ा, बांस, रस्सी टेंट इत्यादि का न होकर, अज्वलनशील सामग्री से बने टिन शेड द्वारा निर्मित होनी चाहिए। दुकानें एक दूसरे से कम से कम तीन मीटर की दूरी (साइड) पर एवं एक दूसरे के सामने न बनाई जाए। पटाखा दुकानों में प्रकाश व्यवस्था हेतु किसी भी प्रकार के तेल का लैंप गैस लैम्प एवं खुली बिजली बत्ती का प्रयोग प्रतिबन्धित है। किसी भी पटाखा दुकान से 50 मीटर के अंदर आतिशबाजी प्रदर्शन प्रतिबन्धित रहेगी। प्रत्येक पटाखा दुकान में 5 किग्रा क्षमता का डीसीपी अग्नि शामक यन्त्र होना चाहिए। पटाखा दुकानों के सामने बाइक, कार की पार्किंग प्रतिबंधित है। अग्निशमन विभाग एवं एम्बुलेंस का फोन नंबर, दुकान परिसर के कुछ स्थानों में लगाया जाए। इसका तनिक भी पालन नहीं हो रहा है।

### 30 से ज्यादा दुकानों को जेआरडी स्कूल में अनुमति

नगर निगम प्रतिवर्ष जेआरडी स्कूल मैदान में अस्थाई पटाखा दुकान संचालकों को अनुमति देता है। उन्हें जगह उपलब्ध कराता है। इस बार भी करीब 30 दुकानें मैदान में लगी हैं। वर्तमान में जो 5 दुकानें पुरानी गंजमंडी के पास शिफ्ट की गई हैं, वे सभी पहले जेआरडी स्कूल मैदान में ही लग रही थीं। बाद में कुछ लोगों ने सड़क किनारे दुकान लगाने आवेदन दिया। शहर में इस समय करीब 100 अस्थाई लाइसेंस जारी किए गए हैं। वहीं 20 स्थाई और हैवी लाइसेंस हैं, जहां पटाखों की बिक्री की जा रही है। पुरानी गंजमंडी के पास दुकान लगाए जाने को लेकर पूरे शहर में तीखी प्रतिक्रिया है। मामले को लेकर शिकायत भी की गई है, लेकिन प्रशासनिक महकमें द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

## ग्रीन सिंबॉल पटाखों की निगम कर रहा जांच, अस्थाई पटाखा लाइसेंस जारी करने के बाद मौके पर जांच



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

दिवाली त्योहार व छठ पर्व के लिए शहर में अस्थाई फटाखा दुकान लगाए गए हैं। इन दुकानों में ग्रीन सिंबाल वाले पटाखे यानी कम प्रदूषण वाले बेचे जा रहे हैं। ये पटाखे असलियत में मापदंडों को पूरा करने वाले हैं या नहीं इसकी जांच निगम की टीम कर रही है। दुकानों में सुरक्षा उपकरण लगाए गए हैं या नहीं। साथ ही कहीं कोई ग्रीनरी पटाखे की आड़ में चाइनीज पटाखे तो नहीं खपा रहा है, इन सबकी जांच हो रही है।

### पावरहाउस मैदान में लगी है दुकानें

निगम आयुक्त राजीव पांडेय एवं स्वास्थ्य अधिकारी सह बाजार, सड़क बाधा प्रभारी अधिकारी जावेद अली के आदेश अनुसार पावर हाउस जोन 3 अंतर्गत अस्थाई फटाका व्यापारियों का लाइसेंस एवं अग्निशामक यंत्रों की जांच किया गया । साथ ही साथ पर्यावरण को कम नुकसान करने वाले पटाखे कि जांच, ग्रीनरी सिंबाल विशेष पहचान वाले पटाखे एवं स्वच्छता की दृष्टि से ग्रीन सिंबाल वाले पटाखे की जांच किया गया है । चाइनीस पटाखे का उपयोग में न लाने की समझाइए दिया गया दुकान में चायनीज पटाखे प्राप्त होने पर दुकान का लाइसेंस जप्त एवं दंडात्मक कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया है। इस कारवाई में जोन क्रमांक 3 के सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन, जोन सहायक स्वास्थ्य अधिकारी वीरेंद्र बंजारे, स्वच्छता निरीक्षक सी एम यादव मौजूद थे।

## कलेक्टर ने बाल संरक्षण समितियों की समीक्षा कर दिए आवश्यक निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



जिला कार्यालय स्थित सभाकक्ष में कलेक्टर अभिजीत सिंह ने महिला एवं बाल विकास विभाग की बैठक लेकर जिले में बाल संरक्षण से जुड़ी गतिविधियों की समीक्षा की। बैठक में बाल देखरेख संस्थाएं, किशोर न्याय व्यवस्था, चाइल्ड हेल्पलाइन, बाल विवाह की स्थिति और सखी वन स्टॉप सेंटर की कार्यप्रणाली पर विस्तृत चर्चा की गई।

बाल विवाह मुक्त जिला बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2025-26 में 40 प्रतिशत का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिले में अब तक कोई बाल विवाह का मामला दर्ज नहीं हुआ है, जिस पर कलेक्टर ने सावधानीपूर्वक निगरानी बनाए रखने और ठोस कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। किशोर न्याय बोर्ड में 237 और बाल कल्याण समिति में 118 प्रकरण लंबित हैं। कलेक्टर ने इन मामलों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए प्रक्रिया में तेजी लाने को कहा।

चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर पिछले तीन महीनों में प्राप्त 42 कॉल्स में से 13 मामलों को रजिस्टर्ड किया गया। कलेक्टर ने सभी संबंधित समितियों को निर्देशित किया कि ऐसे मामलों में त्वरित और संवेदनशील कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

कलेक्टर ने किशोर न्याय बोर्ड में स्थापित वीसी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सेट को शीघ्र बाल सम्प्रेक्षण गृह में स्थानांतरण करने कहा, ताकि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की सुविधा जल्द उपलब्ध हो सके और बालकों को कोर्ट पेशी के लिए अन्य जिलों में भेजने की जरूरत न पड़े और कार्यवाही ऑनलाइन ही पूरी की जा सके। शासन के निर्देशानुसार जिले के रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर चाइल्ड हेल्प डेस्क की स्थापना की जानी है। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए कलेक्टर ने दोनों स्थानों पर उपयुक्त स्थल चिन्हित कर जल्द से जल्द डेस्क शुरू करने के निर्देश दिए। नाबालिग बच्चों में बढ़ती नशा प्रवृत्ति पर चिंता जताते हुए कलेक्टर ने नशामुक्ति केंद्र की स्थापना के लिए संचालनालय को प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए।

बैठक में महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्री जाम्बुलकर ने बताया कि जिले में संचालित शासकीय और अशासकीय बालगृहों, विशेष गृहों, दत्तक ग्रहण एजेंसी एवं आश्रय गृहों में कुल 108 बालक-बालिकाएं निवासरत हैं। कलेक्टर ने इन संस्थाओं की कार्यप्रणाली पर संतोष व्यक्त करते हुए 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके बच्चों को मुख्यमंत्री बाल उदय योजना का लाभ दिलाने के लिए सक्रियता बढ़ाने कहा।

## रासेयो ने लगाया स्वच्छता कैंप



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

सेठ आरसीएस कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवको द्वारा पंचशील नगर नयापारा में एक दिवसीय स्वच्छता कैंप का आयोजन किया गया । इसके अंतर्गत सर्वप्रथम शासकीय चन्द्रशेखर आजाद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रांगण की सफाई कर छात्रों को स्वच्छता का संदेश दिया गया । इसके पश्चात छातागढ़ में स्थित महादेव मंदिर के प्रांगण के साथ-साथ आस-पास के क्षेत्रों में साफ-सफाई की गई । अंत मे शासकीय जिला चिकित्सालयमें सफाई अभियान चला कर परिसर की सफाई की गई । कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के लगभग 19 स्वयंसेवक एवं महाविद्यालय के प्राध्यापक युगेश देशमुख के साथ राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ निधि मिश्रा उपस्थित रहे।

## एटेमिक एनर्जी का सही उपयोग भारत को दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में सहायक

### भारत का आर्थिक विकास एवं योजना पर व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा व्याख्यानों का आयोजन किया गया।

प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह एवं विभागाध्यक्ष डॉ. के. पद्मावती के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. सुनील कुमेटी, एसोसिएट प्राध्यापक, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर डॉ. अर्पणा घोष सहायक प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष सेंट थॉमस कालेज भिलाई उपस्थित रहे। चंदन गोस्वामी, सहायक प्राध्यापक, शासकीय महाविद्यालय रानीतराई एवं डॉ. श्रध्दा मिश्रा सहायक प्राध्यापक, डॉ. राधा बाई शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय रायपुर मौजूद रहे। प्राचार्य डॉ. अजय सिंह ने विभाग में व्याख्यानों की श्रृंखला के माध्यम से उद्यमिता विकास पर बल दिया। स्वागत भाषण विभागाध्यक्ष डॉ. के. पद्मावती एवं डॉ. अंशुमाला चन्दनगर द्वारा दिया गया। डॉ. सुनील कुमेटी ने भारत के विकास योजनाओं के विषय में जानकारी दी। एलपीजी मॉडल (राव एवं मनमोहन मॉडल) के संबंध में चर्चा की। समय-समय पर पंचवर्षीय योजनाओं के बीच जो 1962 में चीन युध्द, 1965 में पाकिस्तान युध्द, हरित क्रांति योजना अवकाश इन सबको भी अपने व्याख्यान में सरल शब्दों में स्पष्ट किया।

▪ अर्थशास्त्र विभाग ने किया आयोजन



साथ ही उन्होंने ऐटेमिक एनर्जी के विषय में भी बताया जिनका सही उपयोग भारत के विश्व के द्वितीय सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में सहायक होगा। सेंट थॉमस महाविद्यालय, भिलाई की प्राध्यापक डॉ. अर्पणा घोष, डॉ. चंदन गोस्वामी, डॉ. श्रध्दा ने भी जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. जिज्ञासा पाण्डेय एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अंशुमाला चन्दनगर डॉ. वंदना कश्यप ने दिया।

## टीए बिल्डिंग परिसर में चलाया स्वच्छता अभियान

**भिलाई।** स्वच्छता अभियान स्वच्छता ही सेवा के तहत टी ए बिल्डिंग परिसर में समस्त कार्मिकों के श्रम दान एवं सहयोग से साफ-सफाई की गई। मुख्य महाप्रबंधक नगर सेवाएं उत्पल दत्ता के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस कार्यक्रम में स्वच्छता के महत्व एवं जनभागीदारी की अनिवार्यता को रेखांकित करते हुए जन जागरूकता के प्रयास में महाप्रबंधक केके यादव के भूमिका की तारीफ की।

उन्होंने महायज्ञ में सभी के शामिल होने की अपील की । साथ ही जन स्वास्थ्य विभाग के अपशिष्ट प्रबंधन संस्थान एसएलआरएम सेंटर नेवई में कचरे से निर्मित उच्च गुणवत्ता के आर्गेनिक खाद का निःशुल्क वितरण बागवानी के शौकीन लोगों तथा कार्मिकों को किया गया। कार्यक्रम में महा प्रबंधक केके यादव, डीजीएम राघवेंद्र गर्ग, वाई के साहू, एजीएम एचआर जया रॉय, एजीएम पीएचडी रमेश गुप्ता, डायरेक्टर मैनेजर मिलिंद कुमार बंसोड, विवेक मिश्रा, सहायक प्रबंधक स्वर्ण लता साहू, सहायक प्रबंधक देवानंद चौहान सहित इंस्पेक्टर नागराजू, जितेन्द्र वर्मा, प्रकाश बंछोड़ शरत, सुभाष चंद्र महाराणा, वीसी लहरे, नीना मलिक, शिखा ताम्रकार, ए सुजाता आदि उपस्थित थे।



## मृत्यु पश्चात परिजनों ने दी नेत्रदान की सहमति

**दुर्ग।** नवदृष्टि फाउंडेशन के प्रयास से कल्प वृक्ष अपार्टमेंट राजनांदगांव निवासी गंडई जेठमल बुरड़ के निधन के पश्चात उनके नेत्रों से दो लोग प्रकृति देख पाएंगे। जेठमल बुरड़ की पुत्री सुमन, सुरेश कोठारी, शोभा, संजय कटारिया, शीतल, मनीष जैन, पुत्रवधु खुशबू बुरड़ ने नेत्रदान की सहमति दी। नवदृष्टि फाउंडेशन के सदस्य फनेंद्र जैन ने उपस्थित रहकर नेत्रदान प्रक्रीया में सहयोग किया । राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज के डॉ. प्राजंलि, डॉ शिवानी, नेत्र सहायक अधिकारी एस के यादव ने कॉर्निया कलेक्ट कर नेत्रदान सम्पन्न कराया।

## कस्टम मिलिंग की बाध्यता समाप्त करने प्रतिनिधि मंडल मिला सीएम से

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जयसवाल, क्रेडा के अध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी, भाजपा के कोषाध्यक्ष राम गर्ग के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ राइस मिलर्स एसोसिएशन का प्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मिला।

▪ मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को दिया आश्वासन

इस दौरान एसोसिएशन के अध्यक्ष कांतिलाल बोथरा, महामंत्री विष्णु बिंदल, उपाध्यक्ष विजय गोयल, उपाध्यक्ष अमर सुल्तानिया ने मिलर्स की समस्याओं को लेकर जानकारी दी। इस अवसर पर राइस मिलर्स से जुड़े विभिन्न प्रमुख मुद्दों पर मुख्यमंत्री से सकारात्मक एवं सार्थक चर्चा हुई। बैठक में 77 पीबी पीड़ित राइस मिलर्स, उसना मिलिंग पर 80 प्रोत्साहन राशि यथावत रखने, कस्टम-मिलिंग के लिए तीन माह की बाध्यता समाप्त कर दो माह करने सहित कई विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। मुख्यमंत्री ने सभी मांगों को गंभीरतापूर्वक सुना। शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा यह आपकी ही सरकार है, आप लोग निश्चिंत रहें। हमें भी सरकार पर पूरा भरोसा है। हमारी सभी मांगे पूर्ण होगी सभी मिलर्स भाई निश्चिंत रहें।



पेज 11 का शेष

### दो पक्षों में भिड़ंत..

गाली गलौच देते जान से मारने की धमकी देते हुए लाठी डण्डा से मारपीट करने लगे हम लोग बीच बचाव के लिए इधर उधर भागे तब आवाज सुनकर गांव वालों को हमारे लॉरी के तरफ आते देखकर हमला करने वाले भाग गये गांव वालों के आने के बाद गांव वालों को घटना के संबंध में बता कर लॉरी मे जाकर देखा तो लॉरी को तोड़ फोड़ कर दिये थे सामान इधर उधर बिखरा पड़ा हुआ था लॉरी के अंदर बैग मे रखे 2 लाख रूपया भी नहीं है एवं शंभू मण्डल का मोबाईल मारपीट के दौरान विश्वजीत के द्वारा छीन लिया गया है मारपीट, जान से मारने की धमकी एवं गाली गलौच से हम लोग भयभीत हो गये बताया तब मुझे घटना के संबंध पता चला। मारपीट करने से भाई संजय मण्डल के बांए हाथ एवं कमर के नीचे दाहिने तरफ चोट है, शंभू मण्डल के कंधा, पीठ और दांए हाथ में एवं मनमद के पीठ मे व परमेश धुरवा, लक्कु आंचला, मोहन कुमार को भी चोट आया है।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH) नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

चटर्जी हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक, रूद्री रोड, धमतरी मो. : 7000627909, 07722296001
Start the Month with savings
40% OFF ON ALL TEST ON 1st OF EVERY MONTH
डॉ. सुधीर चटर्जी
MBBS, MD (Medicine)
CCEBDM (Diabetes)
आयुषमान कार्ड सुविधा उपलब्ध
डॉ. कृतिका चटर्जी
MBBS, MD (Pathology)
सुविधाएं
कमर दर्द / हाथ पैर दर्द का इलाज
हृदय रोग संबंधित बीमारियों का इलाज
डॉयलिसिस सुविधा
24 HOUR SERVICE
Cardio Diabetic Center
लकवा एवं मिर्गी का इलाज
खून एवं पेशाब जांच की सुविधा
ओपीडी का समय : प्रातः 11 से 5 बजे तक

## खबर संक्षेप

### धनगांव में मातर मढ़ई मेला 23 को

**डौंडीलोहारा।** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम धनगांव मे मातर उत्सव मनाया जायेगा। यहां पर क्षेत्र का प्रसिद्ध मातर मडई मेला मनाया जाता है, जहां दूर-दूर से लोग देखने आते हैं।दोपहर 4 बजे से जय गुरुदेव अखाडा दल एवं जय बजरंग अखाडा दल धनगांव का मनमोहक प्रदर्शन और रात्रिकालीन कार्यक्रम जय गंगा मैया छत्तीसगढी लोक कला नाच पार्टी कुही खुर्द राजनांदगाव की प्रस्तुती रखी गई है। उक्त जानकारी इंद्रकुमार भंडारी ग्राम पटेल धनगाव ने दी।

### गांजा तस्कर और धमकाने वाला पकड़ाया

**भिलाई।** दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने महिला पुरुष को गिरफ्तार किया है। वैशाली नगर ने बताया कि देशी कट्टा लहराकर लोगों को जवाहर नगर स्थित मां शारदा ट्रेडर्स के पास कैलाश नगर, जामुल निवासी सूबेदार सिंह यादव को पकड़ा गया। उसके पास से एक देशी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद किया गया। छावनी पुलिस ने सी-मार्केट, पावर हाउस भिलाई क्षेत्र से सेक्टर 11 निवासी ए पुष्पा को पकड़ा गया है। उसके पास से पुलिस ने 4 किलो गराम गांजा जब्त किया गया।

### जेसीबी की ठोकर से युवक घायल, अपराध दर्ज

**भिलाई।** कोतवाली थाना दुर्ग अंतर्गत शराब दुकान के पास गंजपारा में जेसीबी की ठोकर से स्कूटी सवार युवक घायल हो गया। मामले में पुलिस ने जेसीबी सीजी 07 सीएल 0667 के चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि घटना 17 अक्टूबर को सुबह करीब 11 बजे की है। पोलसाय पारा निवासी आदित्य महोबिया स्कूटी से अपने पिता को लेकर पुलगांव की तरफ जा रहा था। तभी जेसीबी के हाइड्रोलिक बकेट को चालक ने लापरवाही पूर्वक घुमा दिया।

### जूडो स्पर्धा में 18 टीमों ने लिया भाग, स्वरूपानंद ने जीता 5 गोल्ड मैडल



**भिलाई।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय स्तरीय इंटर कालेज जूडो प्रतियोगिता महिला एवं पुरुष वर्ग का आयोजन अपोलो कॉलेज अंजोरा दुर्ग में किया गया। जिसमें 18 कॉलेज की टीमों ने भाग लिया। स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय से 5 खिलाड़ी महिला वर्ग में स्नेहा नियोगी, सपना यादव और पुरुष वर्ग में राज सिंह, आदित्य सिंह और वरुण कुमार लहरे ने भाग लिया। पांचो ही खिलाड़ियों ने अपने-अपने वेट कैटेगरी में अपने प्रतिद्वंदियों को पराजित कर प्रथम स्थान पर रहकर स्वर्ण पदक एवं प्रमाण पत्र प्राप्त किया और अपने महाविद्यालय को विश्वविद्यालय चैंपियन बनाया। इसके पूर्व शंकराचार्य महाविद्यालय में विश्वविद्यालय स्तरीय अंतर महाविद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता में स्वरूपानंद महाविद्यालय के दो खिलाड़ी अभिषेक निषाद और शेख फरदीन ने भाग लेते हुए अपने-अपने वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता। महाविद्यालय के खिलाड़ियों द्वारा सात स्वर्ण पदक जीतने पर गंगाजली एजुकेशन सोसाइटी के चेयरमेन आईपी मिश्रा, श्री शंकराचार्य हुडको के डायरेक्टर डॉ दीपक शर्मा, डॉ मोनिषा शर्मा, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ हंसा शुक्ला एवं क्रीड़ा अधिकारी एम एम तिवारी सहित सभी स्टाफ मौजूद रहे।

**पर्व**

**लोक संस्कृति में रचा-बसा सुआ नृत्य बना उत्सव का आकर्षण**

# आकर्षक परिधानों में बालिका व महिलाओं के सुआ-नृत्य की धूम





हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

दल्लीराजहरा शहर सहित पूरे अंचल के गांव-गांव में इन दिनों सुआ नृत्य की धूम मची हुई है। दीपावली पर्व नजदीक आते ही हर गली, हर चौक और मोहल्ले में बालिकाओं व महिलाओं के समूह सुआ गीतों की मधुर धुन पर थिरकते नजर आ रहे हैं। सुआ नृत्य में महिलाएं गोल घेरे में

- दीपावली के स्वागत में महिलाएं और बालिकाएं घर-घर



एकत्र होकर तालियों की लय पर गीत गाती और नृत्य करती हैं। इस नृत्य की विशेषता यह है कि इसमें किसी भी प्रकार के वाद्य यंत्रों की आवश्यकता नहीं होती केवल गीत, लय और सामूहिक उत्साह ही इसकी पहचान हैं। कुछ महिलाएं गीत गाती हैं, बाकी सहभागी उन्हें दोहराते हुए नाचती हैं।

नृत्य के समापन पर 'सुआ' के नाम पर अन्न और धन की मांग की जाती है, और बदले में महिलाएं आशीर्वाद स्वरूप गीत गाकर आशीष देती हैं। लोकमान्यताओं के अनुसार सुआ नृत्य की परंपरा बहुत प्राचीन है, हालांकि इसका कोई लिखित प्रमाण उपलब्ध नहीं है। कहा जाता है कि सुआ जो एक शाकाहारी और मनुष्य की आवाज की नकल करने वाला पक्षी है। कभी युवतियों का मनोभाव प्रकट करने का प्रतीक रहा होगा, जो आगे चलकर गीत और फिर नृत्य के रूप में परिवर्तित हो गया। सुआ नृत्य छत्तीसगढ़ की संस्कृति में रचा-बसा है। यह हमारी मातृशक्ति की भावनाओं, श्रद्धा और सामूहिकता का सशक्त प्रतीक है। आज भी यह नृत्य छत्तीसगढ़ की ग्रामीण संस्कृति का जीवन्त उदाहरण है, जो परंपरा और आधुनिकता के बीच सांस्कृतिक सेतु का कार्य कर रहा है।

## कोड़िया स्कूल के विद्यार्थी जिला स्तरीय लोक नृत्य स्पर्धा में प्रथम




हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा प्रयोजन के अन्तर्गत शालेय विद्यार्थियों में स्वास्थ्य स्वच्छता के प्रति जागरूकता एवं जीवन कौशल के विकास के लिए एससीईआरटी नई दिल्ली द्वारा सभी राज्यों में जनसंख्या शिक्षा के विशिष्ट क्षेत्रों की थीम पर आधारित नाटक लोकनृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

जिसके अंतर्गत जिला स्तरीय प्रतियोगिता स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दीपक नगर में संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोड़िया के विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया अपने नृत्य में विभिन्न खेलों को प्रदर्शित करते हुए कक्षा 9वीं तीमा ठाकुर तोशी साहू आरुषि साहू लेखनी निषाद त्रिवेणी लुकेश्वरी निषाद ने स्वस्थ जीवनशैली का संवर्धन इस थीम को प्रदर्शित किया। इस शानदार प्रस्तुति की सभी ने प्रशंसा की विभिन्न नियमावली एवं कठिन प्रतियोगिता को पार करते हुए शाला के विद्यार्थियों ने जोन स्तर प्रतियोगिता में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त किया है। इसके लिए शाला प्राचार्य नीलमणि उजवने का मार्गदर्शन एवं विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। नृत्य का निर्देशन व्याख्याता डॉ सरोज साहू द्वारा किया गया।

## छग योग आयोग अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा को कैबिनेट मंत्री का दर्जा मिला

**जामगांव आर।** समीपस्थ ग्राम कुम्हली निवासी छत्तीसगढ़ योग आयोग अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा को छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के आदेशानुसार



छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन सचिव अविनाश चंपावत ने आदेश जारी कर कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्रदान किए। सिन्हा को कैबिनेट मंत्री दर्जा प्रदान करने पर जिला पंचायत सभापति कल्पना नारद साहू, जामगांव आर भाजपा मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष त्रय लालेश्वर साहू, धनराज साहू, किशोर साहू, युवा मोर्चा अध्यक्ष नारद साहू, मंडल कोषाध्यक्ष निर्मल जैन, पूर्व महामंत्री प्रमोद जैन, भगवान सिंह चंद्राकर, सरस्वती शिशु मंदिर जामगांव आर अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू, व्यवस्थापक आसकरण जैन, शासकीय कालेज जामगांव आर जनभागीदारी अध्यक्ष नरेश केला, सेजस अध्यक्ष अंगेश्वर साहू, मछुवारा संघ प्रदेश कोषाध्यक्ष नेतराम साहू ने हर्ष व्यक्त किया।

## डौंडीलोहारा स्कूल में पुलिस स्मृति दिवस का मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

छत्तीसगढ़ में नक्सलियों और माओवादियों से लोहा लेकर मातृभूमि की रक्षा करते हुए हमारे कई पुलिस जवान और अधिकारी शहीद हुए हैं। जिनके सम्मान में प्रत्येक वर्ष पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर शहीदों को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि दी जाती है। उनके बलिदान को नमन किया जाता है।

- शहीद जवानों को नमन, छात्रों ने अर्पित की श्रद्धांजलि

इसी तारतम्य में शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डौंडीलोहारा के पूर्व छात्र रहे एसटीएफ के दो जवान सहायक प्लाटून कमांडर शहीद नारद राम निषाद जिन्होंने विभिन्न नक्सल विरोधी अभियानों में शामिल रहकर अपने शौर्य एवं वीरता का परिचय दिया था। ग्राम मिनपा एवं बुरकापाल के बीच हुई पुलिस नक्सली मुठभेड़ में अदम्य साहस का परिचय देते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान करते हुए



शहीद हुए। एवं आरक्षक शहीद किरण देशमुख जिनके द्वारा सुकमा जिला थाना पोलमपल्ली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पिड़मेल एवं जग्गावरम के बीच नक्सल उन्मूलन अभियान के दौरान शहीद हुए हैं। देश के वीर सपूतों और शहीदों को नमन करते हुए व्याख्याता पुष्पा कटेंद्र के नेतृत्व में नीलम, रवीना, सुकृति, नीलकमल, सोनम के द्वारा 108 गोबर के दिए जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।। पुलिस विभाग के कर्तव्य और शहीदों के बलिदान को नमन कर साथ ही बच्चों को देश सेवा हेतु प्रेरित करते हुए संस्था प्रमुख एल के ठाकुर, व्याख्याता वीरेंद्र कुमार भंडारी, प्रदीप मेश्राम, डी आर साहू, संगीता वैदे, डुप्ले साहू, भूपेंद्र कुमार पटेल, ने उद्बोधन दिया। कार्यक्रम के संचालक और प्रभारी अविनाश कुमार साहू ने शहीदों की जीवनी को विस्तारपूर्वक बताया। अंत में सभी शिक्षक और विद्यार्थियों ने दो मिनट का मौन धारण कर शहीदों को श्रद्धांजलि दिया गया। कार्यक्रम में छाया नंदा, तेजेश्वरी साहू, हेमपुष्पा नाइक, राकेश कुमार कोठारी, वीरेंद्र नायक, सौरभ शर्मा, सूर्योदय मानिकपुरी, डामन देशमुख, ईश्वरी, मोहित यादव और छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## सभापति कल्पना ने क्षेत्रवासियों से की शांतिपूर्ण व सौहार्द्रपूर्ण दीपावली मनाने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर





- बच्चों पर रखें ध्यान, सामाजिक समरसता बनाए रखें की बात कहीं
- दीपावली पर भाईचारे और मर्यादा का संदेश

जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 के 43 ग्रामों में से 41 गांवों में विजय पताका लहराकर इतिहास बनाने वाले जिला पंचायत सभापति कल्पना नारद साहू ने क्षेत्र वासियों से अपील किए है। दीपावली का पावन पर्व पूर्ण हर्षोल्लास भाईचारा के साथ मनाए किन्तु किसी भी हालत में ऐसा कोई वातावरण पैदा नहीं होने दे, जिससे भाईचारा को चोट पहुंचे।

उन्होंने कहा कि दीपावली पर्व सनातन संस्कृति का बहुत पावन पर्व है। जो हमें कर्तव्य पालन भाईचारा और मर्यादा मय जीवन जीने के लिए भगवान राम की ओर इंगित करती है। सभापति ने कहा कि स्कूलों में दीपावली की अवकाश हो चुकी है। बच्चो पर पूर्णतः ध्यान रखे दोस्ती यारी की अपरिपक्वता में अनअपेक्षित वातावरण तैयार ना कर पाए क्योंकि सर्व विदित है ममतावश बच्चों का सपोर्ट लेने से बड़ों में कहासुनी हो जाती है।उन्होंने कहा कि साल भर बाहर रहकर सर्विस करने वाले नौकरी पेशा हमारे अपने घर आए रहते है उनका मान सम्मान का ध्यान भी रखना चाहिए। हमारे क्षेत्र से देश की सेवा में तैनात सैनिकों का भी ध्यान रखते हुए कुशल क्षेम जानना चाहिए। जिला पंचायत सभापति प्रतिनिधि नारद साहू ने बताया कि दीपावली पर्व के तारतम्य में बूथ स्तरीय कार्यकताओं वरिष्ठ नेताओं से कुशल क्षेम मुलाकात अंतिम दौर में चल रहा है। साहू ने भी सजगता पूर्वक दीपावली पर्व मनाने की अपील आम जनमानस से किए।

## आपसी रंजिश के कारण युवक की हत्या तीन अपचारी बालक समेत 6 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

आपसी रंजिश के कारण गार्ड की हत्या करने का मामला सामने आया है। पुलिस घटना में तीन अपचारी बालकों समेत 6 को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के मुताबिक 17-18 की रात वार्ड 39 डिपरा पारा दुर्ग निवासी तिलक साहू एक युवती को अपने साथ भागकर लेकर चला गया। घटना की रात की मोहल्ले में युवक के पक्ष वाले जश्न मना रहे थे। तभी युवक के परिजन राजा यादव समेत नीरज ठाकुर, सूरज ठाकुर से गाली गलौच शुरू कर दी। उसके बाद आरोपी मारपीट करके फरार हो गए, तभी पीछे के रास्ते से स्कूल मैदान में पहुंचे और नीरज पर्दे के पास खड़ा था। आरोपी नीरज के साथ विवाद करने लगे। राजा यादव और उसके साथियों ने नीरज को जान से मारने की धमकी देकर गाली गलौज कर चाकू और डंडे से हमला कर दिया। घटना में नीरज गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। जहां डॉक्टर ने नीरज को मृत घोषित कर दिया। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने प्रभारी तापेश्वर नेताम ने टीम गठित कर आरोपियों को पकड़ा ।

**हिरासत में लेकर पूछताछ**

सूचना पर पुलिस ने विधि से संघर्षरत बालक को हिरासत में लेकर पूछताछ किया। तब उन्होंने पुलिस को बताया कि तिलक साहू ने नीरज ठाकुर की बहन को भगाकर ले गया था। जिसकी राजा ने भगाने में मदद की था। इसी बात को लेकर नीरज व राजा को मारने खोज रहे थे। राजा ने अपने अन्य दोस्त अमन यादव, प्रताप राजपूत समेत बालकों के साथ राजा को जान से खत्म करना का प्लान था। आरोपी अपने पास लोहे की राड, बांस के डंडा से नीरज ठाकुर के उपर प्राण घातक हमला किया। जिससे उसकी मौत हो गई।

## सामान्य सभा के निर्णय पर अमल, वार्ड पार्षदों के साथ आयुक्त पांडेय ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई निगम की सामान्य सभा में हुए हंगामे के बाद यह तय हुआ कि जिस वार्ड में निगम जोन आयुक्त और आयुक्त दौरे या निरीक्षण के लिए जाएंगे वहां के वार्ड पार्षद को सूचित करेंगे और साथ में रहेंगे। सभा के दूसरे दिन ही निगम आयुक्त ने शनिवार को दो वार्डों का दौरा किया लेकिन इस बार सामान्य सभा के हिसाब से बकायदा उस वार्ड के पार्षदों को सूचना भिजवाई। सूचना के बाद पार्षद निगम आयुक्त राजीव पांडेय के साथ वार्ड में निरीक्षण किया। आयुक्त पांडेय ने वार्ड 1 खम्हरिया में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान का निर्माण किया जा रहा है, जिसका निरीक्षण निगम आयुक्त द्वारा किया गया।

निर्माणकर्ता एजेंसी को शेष बचे हुए कार्य जल्द पूर्ण करने के साथ आवागमन के लिए बनाये गए सड़क को ठीक करने निर्देशित किया गया है। कार्य की विलंबता देखकर निगम आयुक्त एजेंसी के लिए नाराज हुए हैं ।

**वार्ड 11 व वार्ड 12 में देखी ये व्यवस्था**

जोन एक नेहरू नगर अंतर्गत वार्ड 11 के लिम्हा तालाब का निरीक्षण किया। पार्षद महेश वर्मा की मौजूदगी रही। तालाब में साफ-सफाई व्यवस्था को देखे और वार्ड के साफ-सफाई व्यवस्था में सुधार हेतु निर्देशित किए। आयुक्त एवं वार्ड क्रमांक 12 पार्षद गिरवर बंटी साहू द्वारा वार्ड के गली, मोहल्ले का निरीक्षण किया गया। वार्ड के रिक्त भूमि में स्थानीय निवासियों द्वारा कचरा डाला जाता है, जिसके कारण गंदगी फैल रही है। वार्ड के स्थानीय निवासियों को अपने खाली प्लाट में निर्माण करने या घेरा कर छोड़ने निर्देशित किया गया है।

## ग्राम उरेटा में मां लक्ष्मी की मूर्ति किया स्थापित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

समीप के ग्राम उरेटा के गौरा चांवरा के पास कला मंच में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी पंच दीपोत्सव पर्व के प्रथम दिवस धनतेरस के पावन अवसर पर जय मां लक्ष्मी उत्सव समिति द्वारा मां लक्ष्मी की मूर्ति स्थापित किया गया।

मुख्य यजमान मांगबती/ दीपक कुमार कोटपरिया थे। आचार्य पीलू राम साहू ने आयोजक समिति व ग्राम वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि मां लक्ष्मी के साथ मां सरस्वती व गणपति महाराज का होना जरूरी है क्योंकि ज्ञान और बुद्धि के रहने पर हम मां लक्ष्मी का स्वागत सम्मान कर सकते हैं। इस अवसर पर ग्राम पंचायत कसही (लो.) के सरपंच ऐनकुमारी राणा ,मूर्तिकार तुकाराम मरकाम, मेमीचंद भुआर्य, बेलस राम,सुखउ राम, तुलसी दास, कुसलेस, प्रेमलाल, नंदकुमार, दीपक टीकेश्वर, भूपेश कुमार, लक्ष्मण ,लिमेश, प्रेमलाल व सुमन कोटपरिया के साथ ही ग्रामवासियों का सहयोग रहा।

## पुरानी रंजिश के कारण युवक से मारपीट

**भिलाई।** भिलाईनगर थाना अंतर्गत सिविक सेंटर में पुरानी रंजिश के कारण युवक से मारपीट हुई। आरोपी ने लोह के राड से मारपीट की। सूचना पर पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि घटना 16 अक्टूबर को दोपहर करीब 3 बजे की है। पुलिस ने बताया कि अमरपाल सिंह रंधावा अपने गुरप्रीत के साथ मिराज थिएटर के सामने से गुजर रहा था। तभी प्रताप विश्वास उर्फ डोन ने पुरानी बातों को लेकर गाली गलौच शुरू कर दी। इसके बाद हाथापाई शुरू कर दी। घायल अमरपाल सिंह को हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां मुलाहिजा के बाद पुलिस ने अपराध दर्ज किया। पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर लिया है।







## महंगाई से राहत नहीं, नाराज पेंशनरों ने आदेश की जलाई प्रतिलिपियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश संगठन के आह्वान पर दुर्ग जिला इकाई द्वारा केसरी नंदन हनुमान मंदिर प्रांगण मीनाक्षी नगर दुर्ग स्थित संगठन कार्यालय भवन के बाहर राज्य सरकार द्वारा पेंशनरों के लिए जारी दो प्रतिशत महंगाई राहत आदेश की प्रति जलाई गई। इस दौरान पेंशनरों ने जमकर नारेबाजी की और सरकार के प्रति नाराजगी दिखाई। प्रदेशभर में हजारों पेंशनर हैं जो इस आदेश के लागू होने की प्रतीक्षा कर रहे हैं।



पेंशनरों ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा एक जनवरी 2025 से केंद्रीय कर्मचारियों व पेंशनरों के लिए दो प्रतिशत महंगाई भत्ता/ राहत की स्वीकृति जारी की गई थी जिसके अनुरूप राज्य के कर्मचारियों व पेंशनरों को भी उक्त तिथि से महंगाई राहत स्वीकृत किया जाना था पर इसके विपरीत राज्य के पेंशनरों के लिए कल दो सितम्बर से महंगाई राहत स्वीकृत करते हुए आदेश जारी किया गया, इस प्रकार से राज्य सरकार ने पेंशनरों को आठ माह के महंगाई राहत का नुकसान उठाना पड़ा है जिससे व्यथित हो उक्त आदेश की प्रति जलाई गई। पेंशनरों ने बताया कि मंहगाई भत्ता नहीं देने की वजह से पेंशनरों के परिवार को परेशानी उठानी पड़ रही है। पेंशनर कई तरह की बीमारियों से जूझ रहे हैं। जिसकी वजह से पेंशन की मोटी रकम इलाज में खर्च हो जाता है। कई पेंशनरों के परिवार के सदस्य छोटी-मोटी नौकरी कर परिवार का भरण पोषण कर रहे हैं। इसलिए घर चलाना मुश्किल हो गया है। प्रदर्शन के दौरान प्रदेश संगठन सचिव टी पी सिंह, संभागीय उपाध्यक्ष बी एल गजपाल, जिला अध्यक्ष बी के वर्मा, महामंत्री पी आर साहू, उपाध्यक्ष एन के देशमुख, एस के सूर्यवंशी, बी के शर्मा, डी पी दिल्लीवार, आर डी साहू, शीतल साहू, के पी देशमुख, जे एस एस, घनश्याम देवांगन,अब्दुल वाहिद खान, पी एस बघेल, रामाधार ताम्रकार, आर के भटनागर आदि बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित थे।

